भारत सरकार
Government of India

वित्त मंत्रालय
Ministry of Finance

वित्त मंत्रालय से संबधित वित्त संबंधी स्थायी समिति (2013-14) की 75वीं रिपोर्ट, 15वीं लोक सभा की सिफारिशों के कार्यान्वयन की स्थिति के संबंध में माननीय वित्त मंत्री श्री अरुण जेटली द्वारा राज्य सभा में दिया जाने वाला वक्तव्य

STATEMENT BY SHRI ARUN JAITLEY, MINISTER OF FINANCE, IN THE RAJYA SABHA REGARDING THE STATUS OF IMPLEMENTATION OF RECOMMENDATIONS - 75TH REPORT OF THE STANDING COMMITTEE ON FINANCE (2013-14), 15TH LOK SABHA, RELATING TO THE MINISTRY OF FINANCE

अगस्त, 2014
AUGUST, 2014

विषय-सूची		INDEX	
क्रम संख्या **विषय वस्तु**	**पृष्ठ संख्या**	**Sl No.** **Contents**	**Page No.**
1. श्री अरुण जेटली, वित्त मंत्री द्वारा वक्तव्य	i-ii	1. Statement by Shri Arun Jaitley, Minister of Finance	i-ii
2. अनुबंध- वित्त मंत्रालय (आर्थिक कार्य विभाग, वित्तीय सेवाएं, व्यय एवं विनिवेश विभाग) की **2013-14 की अनुदान मांगों के संबंध में वित्त संबंधी स्थायी समिति की 75वीं रिपोर्ट** में निहित सिफारिशों पर की गई कार्रवाई रिपोर्ट 18 अक्टूबर, 2013 को लोक सभा/राज्य सभा में प्रस्तुत की गई।	1-16	2. Annexure- Action Taken Report on the Recommendations/Observations contained in the **75th Report of the Standing Committee on Finance on Demands for Grants 2013-14** of the Ministry of Finance (Departments of Economic Affairs, Financial Services, Expenditure and Disinvestment) presented to Lok Sabha/laid in the Rajya Sabha on 18th October, 2013.	17-27

आर्थिक कार्य विभाग, वित्तीय सेवाएं, व्यय और विनिवेश विभाग संबंधी अनुदान मांगों (2013-14) के संबंध में वित्त संबंधी स्थायी समिति (15वीं लोक सभा) की 75वीं रिपोर्ट में निहित सिफारिशों के कार्यान्वयन की स्थिति के संबंध में माननीय वित्त मंत्री श्री अरुण जेटली द्वारा राज्य सभा में दिया जाने वाला वक्तव्य

मैं, राज्य सभा बुलेटिन, भाग-II दिनांक 28 सितम्बर, 2004 के जरिए माननीय सभापति, राज्य सभा के निर्देश 32 के अनुसरण में आर्थिक कार्य, वित्तीय सेवाएं व्यय एवं विनिवेश विभाग विषयक वित्त संबंधी स्थायी समिति (15वीं लोक सभा) की 75वीं रिपोर्ट में निहित सिफारिशों के कार्यान्वयन की स्थिति के संबंध में बयान देना अपना सौभाग्य मानता हूँ।

वित्त संबंधी स्थायी समिति (15वीं लोक सभा) की **75वीं रिपोर्ट** 18 अक्टूबर, 2013 को राज्य सभा में प्रस्तुत की गई थी। 75**वीं** रिपोर्ट अनुदान मांगों (2013-14) की जांच से संबंधित है। इस रिपोर्ट में समिति ने विभिन्न मुद्दों पर विचार-विमर्श किया एवं आठ (8) सिफारिशें की, जिन पर सरकार की ओर से कार्रवाई की आवश्यकता है। ये सिफारिशें मुख्यतः स्वावलंबन स्कीम के पुनः गठन, केन्द्र सरकार की प्रमुख स्कीमों की निगरानी, व्यावसायिक पत्राचार/व्यवसाय सुसाध्यकारक (बीसी/बीएफ) की प्रभावशीलता

STATEMENT BY SHRI ARUN JAITLEY, MINISTER OF FINANCE IN THE RAJYA SABHA REGARDING THE STATUS OF IMPLEMENTATION OF RECOMMENDATIONS CONTAINED IN THE 75th REPORT OF THE STANDING COMMITTEE ON FINANCE (15th LOK SABHA) DEMANDS FOR GRANTS (2013-14), RELATING TO THE DEPARTMENTS OF ECONOMIC AFFAIRS, FINANCIAL SERVICES, EXPENDITURE & DISINVESTMENT

I deem it my privilege to make a statement on the status of implementation of recommendations contained in the 75th Report of the Department of Economic Affairs, Expenditure, Financial Services and Disinvestment of the Standing Committee on Finance (15th Lok Sabha) in pursuance of Direction 32 of the Hon'ble Chairman, Rajya Sabha *vide* Rajya Sabha Bulletin, Part II dated 28th September 2004.

The **75th Report** of the Standing Committee on Finance (15th Lok Sabha) was **laid** in the Rajya Sabha on **18th October 2013**. The 75th Report relates to examination of Demands for Grants (2013-14). In the Report, the Committee deliberated on various issues and made eight (8) recommendations, where action is called for on the part of the Government. These recommendations mainly pertain to issues relating to Restructuring of

की समीक्षा, सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के पुनः पूंजीकरण, एनपीए प्रबंधन प्रकोष्ठ, भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम, 1934 की धारा 45 ई और सार्वजनिक वित्तीय संस्थान (कर्तव्यपरायणता व गोपनीयता की प्रतिबद्धता) अधिनियम 1983, विनिवेश पद्धति आदि के बारे में हैं।

Swavalanban Scheme, Monitoring of major Schemes of the Central Government, Review of effectiveness of Business Correspondence/Business Facilitator (BC/BF), Recapitalisation of Public Sector Banks, NPA Management Cell, Section 45E of RBI Act, 1934 and Public Financial Institutions(obligation as to fidelity and secrecy) Act, 1983, Disinvestment Methodology, etc.

रिपोर्ट में निहित सिफारिशों/टिप्पणियों के संबंध में की गई कार्रवाई दिनांक 24 जनवरी, 2014 को वित्त संबंधी स्थायी समिति को भेज दी गई थी। समिति द्वारा 75वीं रिपोर्ट में सिफारिशों के कार्यान्वयन की वर्तमान स्थिति **अनुबंध** में दी गई है।

Action Taken Statements on the recommendations/observations contained in the Report had been sent to the Standing Committee on Finance on 24th January 2014. Present status of implementation of the recommendations made by the Committee in the 75th Report is indicated in **Annexure**.

मैं अनुबंध को पढ़कर सुनाने के लिए सदन का बहुमूल्य समय लेना नहीं चाहूंगा। अनुरोध है कि इसे पढ़ा हुआ माना जाए।

I would not like to take the valuable time of the House to read out the contents of the Annexure. I would request that this may be taken as read.

18 अक्टूबर, 2013 को लोक सभा में प्रस्तुत/राज्य सभा में रखी गई वित्त मंत्रालय से संबंधित स्थायी वित्त समिति की 75वीं रिपोर्ट में की गई सिफारिशों/ टिप्पणियां पर कृत कार्रवाई को दर्शाने वाला विवरण

क्रम. सं.	सिफारिश सं.	सिफारिश	सरकार द्वारा की गई कार्रवाई	सरकार द्वारा स्वीकार की गयी या नहीं	अभ्युक्तियाँ
1	2	3	4	5	6
1.	मद सं. 13 और 14	**वर्षों से सरकार द्वारा कार्यान्वित की जा रही स्वावलंबन योजना के अंतर्गत कम उपलब्धि की पृष्ठभूमि में समिति ने योजना की पुनर्संरचना की सिफारिश की थी, क्योंकि मौजूदा रूप में इसे लोगों द्वारा नहीं अपनाया गया है। की गई कार्रवाई संबंधी उत्तर में वित्त मंत्रालय ने यह उल्लेख किया है कि चूंकि स्वावलंबन योजना 26 सितंबर, 2010 को आरंभ की गई थी, इस योजना के अंतर्गत लाभार्थियों की संख्या में धीमी वृद्धि हुई है अतः इस योजना को इस समय पुनर्संरचित करने की कोई तत्काल आवयकता नहीं है। तथापि, उपलब्ध तथ्यों से समिति यह नोट करती है कि वर्ष 2013-14 के लिए 40 लाख अभिदाताओं की कवरेज के लक्ष्य की तुलना में अभी तक केवल आधे अभिदाताओं अर्थात् 20.50 लाख अभिदाताओं को इस योजना के अंतर्गत शामिल किया गया है। हालांकि योजना के अंतर्गत नामांकन में मामूली सुधार हुआ है, समग्र कवरेज लक्ष्य को प्राप्त करना संदिग्ध है क्योंकि यह योजना केवल मार्च, 2014 तक उपलब्ध है। इसके अलावा, स्वावलंबन योजना के अंतर्गत प्राप्त कवरेज अन्य सामाजिक सुरक्षा योजनाओं, नामतः आरएसबीवाई जिसके अंतर्गत कवरेज 57.34 लाख है, एएबीवाई जिसके अंतर्गत कवरेज 80.15 लाख है, की तुलना में संतोषजनक नहीं है जबकि**	पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण अधिनियम, 2013 (पीएफआरडीए अधिनियम), को 1 फरवरी, 2014 से लागू किया गया है। पीएफआरडीए अधिनियम में पीएफआरडीए को अपनी विनियामकीय और विकासात्मक भूमिका प्रभावी रूप से निभाने तथा अभी तक कवर न किए गए कार्यशील लोगों को राष्ट्रीय पेंन योजना (एनपीएस) के जरिए सामाजिक सुरक्षा उपलब्ध कराने के उद्देय से इसे सांविधिक दर्जा प्रदान करना अभिप्रेत है। स्वावलंबन योजना एनपीएस का एक भाग है। पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण अधिनियम की धारा 14(1) के अंतर्गत पीएफआरडीए को एनपीएस को नियमित करने, इसे बढ़ावा देने तथा इसके क्रमिक विकास को सुनिचित करने का अधिदेश दिया गया है। स्वावलंबन योजना के लक्षित समूह के बड़े भाग की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए, इस योजना को 2016-17 तक पहले ही बढ़ा दिया गया है और वर्ष 2016-17 तक के लिए केंद्रीय मंत्रिमंडल के द्वारा 3165 करोड़ रु. की राशि स्वीकृत की जा चुकी है। ऐसी योजना, जिसे पीएफआरडीए अधिनियम के अंतर्गत पीएफआरडीए द्वारा लागू किए जाने तथा विनियमित किए जाने का अधिदेश दिया गया है, को द्विरावृत्ति या किसी उलझन से बचने के लिए इसकी निगरानी के प्रयोजन	**स्वीकार नहीं की गई।** वित्त संबंधी स्थायी समिति के 75वें प्रतिवेदन में निहित सिफारिशों को स्वीकार न किए जाने के कारणों को कॉलम 4 के अंतर्गत विस्तार से दिया गया है। श	

क्रम. संख्या	सिफारिश सं.	सिफारिश	सरकार द्वारा की गई कार्रवाई	सरकार द्वारा स्वीकार की गयी या नहीं	अभ्युक्तियाँ
		स्वावलंबन योजना के अंतर्गत कवरेज मात्र 6.80 लाख है। इस प्रकार यह स्पष्ट है कि इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए कि कुल रोजगार का 94 प्रतिशत अर्थात् 43.70 करोड़ असंगठित क्षेत्र में है, जिसके लिए इस तरह की योजनाओं के अंतर्गत विस्तृत कवरेज की आवयकता है, स्वावलंबन योजना के अंतर्गत मंत्रालय द्वारा उठाए गए कदम पूर्णतः अपर्याप्त हैं। आरएसबीवाई तथा एएबीवाई को असंगठित कर्मकार सामाजिक सुरक्षा अधिनियम, 2008 की अनुसूची-I में शामिल किया गया है और इन्हें असंगठित कामगार के लिए कल्याणकारी योजना माना गया है, इससे अलग स्वावलंबन योजना को अभी इस अनुसूची में अपना स्थान प्राप्त करना है जबकि केंद्र सरकार को अनुसूची में संशोधन करने की शक्ति प्राप्त है। **अतः समिति असंगठित कामगार को अधिकाधिक कवर करने के लिए स्वावलंबन योजना को पुनर्संरचित करने की अपनी सिफारिश को दोहराते हुए सरकार से यह अनुरोध करती है कि असंगठित कर्मकार सामाजिक सुरक्षा अधिनियम, 2008 की अनुसूची-I में स्वावलंबन योजना को शामिल करने के लिए इसे संशोधित करे।**	हेतु इसे किसी अन्य अधिनियम (असंगठित कर्मकार सामाजिक सुरक्षा अधिनियम, 2008) के अंतर्गत शामिल किया जाना अपेक्षित नहीं है। 2. इसके अलावा, स्वावलंबन योजना के अंतर्गत असंगठित क्षेत्र के कामगारों की कवरेज को बढ़ाने के लिए कई कदम उठाए गए हैं। इन प्रयासों के परिणामस्वरूप योजना के अंतर्गत लाभार्थियों की संख्या में निरंतर वृद्धि हुई है। स्वावलंबन योजना के अंतर्गत वर्ष 2011-12 के दौरान कुल 6.44 लाख अभिदाताओं, वर्ष 2012-13 के दौरान 11.04 लाख अभिदाताओं तथा वर्ष 2013-14 के दौरान 25.04.2014 तक 13.90 लाख अभिदाताओं को इसके अंतर्गत शामिल किए जाने की सूचना प्राप्त हुई है। यह आशा है कि पूरे वित्तीय वर्ष 2013-14 के दौरान योजना के अंतर्गत नामांकन का ब्यौरा प्राप्त होने पर इससे लाभान्वित अभिदाताओं की संख्या लगभग 15 लाख होने की संभावना है, इन आंकड़ों के मई, 2014 में प्राप्त होने की संभावना है। 3. असंगठित कर्मकार सामाजिक सुरक्षा अधिनियम, 2008 न तो सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के कार्यान्वयन की प्रक्रिया को और न ही उक्त अधिनियम के अंतर्गत असंगठित क्षेत्र की सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के लिए प्रदान की जा रही वित्तीय सहायता का स्पष्ट उल्लेख करता है। असंगठित कर्मकार सामाजिक सुरक्षा अधिनियम, 2008 केवल सामाजिक सुरक्षा का स्वरूप प्रदान करता है, तथापि किसी सामाजिक सुरक्षा योजना जैसे स्वावलंबन योजना का कार्यान्वयन इस अधिनियम की विषय-		

क्रम. संख्या	सिफारिश सं.	सिफारिश	सरकार द्वारा की गई कार्रवाई	सरकार द्वारा स्वीकार की गयी या नहीं	अभ्युक्तियाँ
			वस्तु नहीं है क्योंकि यह कार्य पेंशन क्षेत्र विनियामक जो कि पीएफआरडीए है, के द्वारा किया जाता है। 4. उपर्युक्त को देखते हुए वित्तीय सेवाएं विभाग, वित्त मंत्रालय का यह कहना है कि स्वावलंबन योजना को असंगठित कर्मकार सामाजिक सुरक्षा अधिनियम, 2008 की अनुसूची-**I** में शामिल किए जाने के संबंध में अनुदान मांग (2013-14) संबंधी वित्त संबंधी स्थायी समिति के 67वें प्रतिवेदन में निहित सिफारिा को स्वीकार नहीं किया जा सकता है।		
2.	**17**	**समिति को यह जानकर प्रसन्नता है कि सरकार ने अपने अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत स्कीमों पर निगरानी रखने के लिए वित्तीय सेवाएं विभाग में एक निगरानी स्कंध स्थापित करने का प्रस्ताव किया है। तथापि, की गई कार्रवाई संबंधी उत्तर में, समिति द्वारा की गई सिफारिश के अनुसार, केन्द्र सरकार की मुख्य स्कीमों में व्यय विभाग द्वारा समय-समय पर व्यय के परिणाम पर निगरानी रखने के बारे में कोई उल्लेख नहीं किया गया है। समिति इस संबंध में सरकार द्वारा की गई कार्रवाई के बारे में जानना चाहती है।**	(i) आन्तरिक वित्त सलाहकारों की एक प्रणाली विद्यमान है। अपर सचिव/संयुक्त सचिव स्तर के वरिष्ठ अधिकारी विभिन्न मंत्रालयों/ विभागों में वित्त सलाहकार नियुक्त किए जाते हैं। ये आंतरिक वित्त सलाहकार अन्य कार्यों के साथ-साथ मंत्रालय/विभाग द्वारा कार्यान्वित योजना स्कीमों में व्यय के परिणाम और गति पर निगरानी रखते हैं। (ii) व्यय विभाग समय-समय पर वित्त सलाहकारों की बैठकें आयोजित करता है, जिनकी अध्यक्षता वित्त मंत्री करते हैं। इन बैठकों में, विभिन्न मंत्रालयों/ विभागों द्वारा किए गए व्यय जिसमें योजना स्कीमों पर किया गया व्यय भी शामिल होता है, पर विस्तृत चर्चा की जाती है। व्यय के परिणाम पर निगरानी रखने के लिए वित्त सलाहकारों को उचित निर्देश दिए जाते हैं।	स्वीकार कर ली गई है।	

क्रम. संख्या	सिफारिश सं.	सिफारिश	सरकार द्वारा की गई कार्रवाई	सरकार द्वारा स्वीकार की गयी या नहीं	अभ्युक्तियाँ
			(iii) पिछली योजनाओं की स्कीमों को चालू बारहवीं योजना में जारी रखे जाने के लिए किसी स्वतंत्र एजेंसी से उनका मूल्यांकन कराना आवश्यक होता है। योजना स्कीम को लागू करने वाले संबंधित मंत्रालय/विभाग को मूल्यांकन रिपोर्ट में की गई सिफारिशों की जांच करनी होती है ताकि मूल्यांकन रिपोर्ट में उठाए गए मुद्दों का समाधान किया जा सके और स्कीमों को जारी रखे जाने के लिए उचित अनुवर्ती कार्रवाई की जा सके जारी रखी जाने वाले स्कीमों को मूल्यांकन के लिए जब व्यय वित्त समिति के समक्ष प्रस्तुत किया जाता है, ईएफसी ज्ञापन में स्वतंत्र मूल्यांकन से संबंधित स्थिति का उल्लेख करना होता है और ईएफसी की बैठकों में चर्चा की जाती है। (iv) उपर्युक्त उपायों के माध्यम से व्यय के परिणाम पर निगरानी रखने का एक तंत्र विद्यमान है।		
3.	**20**	**"समिति असहमति के साथ नोट करती है कि व्यवसाय प्रतिनिधि/व्यवसाय सुविधाकर्ता मॉडल की समीक्षा तथा प्रभावोत्पादकता तथा निजी क्षेत्र द्वारा अर्द्धशहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों में 25% शाखाएं खोलने के दायित्व को पूरा करने के संबंध में की गई कार्रवाई संबंधी उत्तर टालमटोल स्वरूप का है। मंत्रालय भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी दिशानिर्देश**	1. बैंकिंग का विस्तार करने तथा वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने को ध्यान में रखते हुए सरकारी तथा निजी दोनों क्षेत्रों में घरेलू वाणिज्यिक बैंकों को कुछ विशिष्ट कार्रवाई करने की सलाह दी गई है। सर्वप्रथम जनवरी 2010 में बैंकों को अगले 3 वर्षों में लागू किये जाने हेतु अपने बोर्ड द्वारा अनुमोदित वित्तीय समावेशन योजना (एफआईपी)	स्वीकृत	

क्रम. संख्या	सिफारिश सं.	सिफारिश	सरकार द्वारा की गई कार्रवाई	सरकार द्वारा स्वीकार की गयी या नहीं	अभ्युक्तियाँ
		प्रस्तुत करने का चयन किया है और नोडल एजेंसी के रूप में अपने द्वारा किये कार्य का उल्लेख नहीं किया है। समिति इस प्रकार की दैनिक पद्धति का अनुमोदन नहीं करती है और यह चाहती है कि व्यवसाय प्रतिनिधि/व्यवसाय सुविधाकर्ता मॉडल के निगरानी तंत्र सहित इस संबंध में विस्तृत उत्तर प्रस्तुत करें।"	प्रस्तुत करने की सलाह दी गई थी। बैंकों को अपने व्यवसाय कार्य नीति के साथ एफआईपी तैयार करने और इसे अपने कारपोरेट योजना का अभिन्न भाग बनाने की सलाह दी गई थी। इन योजनाओं में गांव में खोली शाखाएं खोलना ; व्यवसाय प्रतिनिधि नियुक्त करना; 2000 से अधिक जनसंख्या वाले बैंक रहित गांव की कवरेज तथा शाखाओं/ व्यवसाय प्रतिनिधि/अन्य पद्धतियों द्वारा 2000 से कम जनसंख्या वाले अन्य बैंक रहित गांव को कवर करना; बीसी-आईसीटी के जरिए खोले गये खातों सहित नोफ्रिल खाते; किसान क्रेडिट कार्ड तथा जारी किये गये साधारण क्रेडिट कार्ड तथा वित्तीय सेवा से वंचित वर्ग की वित्तीय आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए निर्दिष्ट अन्य विशिष्ट उत्पाद शामिल है। 2. एफआईपी को बैंकों की वित्तीय समावेशन पहल के तहत उनके कार्य निष्पादन का आकलन करने के लिए प्रयोग किया जाता है। 3 वर्ष की अवधि के दौरान मुख्य मानकों के संबंध में 3 वर्ष की वित्तीय समावेशन योजना (अप्रैल 2010 - मार्च 2013) के अंतर्गत बैंक द्वारा की गई प्रगति का संक्षिप्त ब्यौरा निम्नानुसार है: · मार्च 2013 की स्थिति के अनुसार गांव में लगभग 2,68,000 बैंकिंग केन्द्र है । इनमें से 2,21,341 व्यवसाय प्रतिनिधि केन्द्र हैं।		

क्रम. संख्या	सिफारिश सं.	सिफारिश	सरकार द्वारा की गई कार्रवाई	सरकार द्वारा स्वीकार की गयी या नहीं	अभ्युक्तियाँ
			· 3 वर्ष की अवधि के दौरान 7400 ग्रामीण शाखाएं खोली गई हैं। · बैंकों ने 1,94,772 व्यवसाय प्रतिनिधि को कार्य पर लगाने की सूचना दी है जो पूरे देश में 2,21,341 बैंकिंग केन्द्रों के जरिए बैंकिंग सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। · लगभग 109 मिलियन मूल बचत बैंक जमा खाता (बीएसबीडीए) खोले गये जिससे इनकी कुल संख्या 182 मिलियन हो गई। इनमें से 81.27 मिलियन बीएसबीडीए व्यवसाय प्रतिनिधि के जरिए खोले गये। आईसीटी आधारित खातों के भाग में काफी वृद्धि हुई - कुल बीएसबीडीए की तुलना में आईटीसी खातों की प्रतिशतता जो मार्च 2010 में 25 प्रतिशत थी मार्च 2013 में बढ़कर 45 प्रतिशत हो गई। · मार्च 2013 के अंत तक 33.8 मिलियन परिवारों को किसान क्रेडिट कार्ड उपलब्ध कराएं गये हैं। इनमें से 0.5 मिलियन किसान क्रेडिट कार्ड व्यवसाय प्रतिनिधि के जरिए दिए गए हैं। · मार्च 2013 के अंत तक 3.6 मिलियन परिवारों को साधारण क्रेडिट कार्ड उपलब्ध कराएं गये हैं इनमें से 1.02 मिलियन साधारण क्रेडिट कार्ड व्यवसाय प्रतिनिधि के जरिए उपलब्ध कराएं गये हैं।		

क्रम. संख्या	सिफारिश सं.	सिफारिश	सरकार द्वारा की गई कार्रवाई	सरकार द्वारा स्वीकार की गयी या नहीं	अभ्युक्तियाँ
			• 3 वर्ष की अवधि के दौरान व्यवसाय प्रतिनिधि के जरिए आईटीसी आधारित खातों में लगभग 4904 लाख अंतरण किये गये। 3. प्रथम वित्तीय समावेशन योजना अवधि के पूरा होने के पश्चात बैंकों ने वर्ष 2013-16 के संबंध में 3 वर्ष की वित्तीय समावेशन योजनाएं तैयार की हैं। वित्तीय समावेशन प्रयासों में सभी भागीदारों को शामिल करने के उद्देश्य से बैंकों ने शाखा स्तर पर वित्तीय समावेशन योजना को विभाजित किया है। नई योजना के अंतर्गत यह सुनिश्चित करने पर जोर दिया जाता है कि सृजित व्यापक बैंकिंग नेटवर्क का प्रयोग ऋण तथा अन्य उत्पाद प्रदान करने के लिए किया जाये, जिससे बैंकों के लिए व्यवसाय अधिक व्यवहारिक होगा और इससे भारी संख्या में खातों का खोला जाना तथा बड़ी संख्या में लेनदेन सुनिश्चित होगा और लोग औपचारिक वित्तीय संस्थाओं से जुड़ने का लाभ प्राप्त कर सकेंगे। 4. नकदी प्रबंधन, प्रलेखन, ग्राहकों की शिकायत का निवारण तथा व्यवसाय प्रतिनिधि परिचालन के गहन पर्यवेक्षण में दक्षता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बैंकों को बैंकरहित गांवों में स्थायी शाखाएं खोलने की सलाह दी गई है।		

क्रम. संख्या	सिफारिश सं.	सिफारिश	सरकार द्वारा की गई कार्रवाई	सरकार द्वारा स्वीकार की गयी या नहीं	अभ्युक्तियाँ
			5. अप्रैल, 2011 से बैंकरहित क्षेत्रों में शाखाएं खोलने के संबंध में बैंक-वार की गई प्रगति निम्नानुसार है:-		

अवधि	अप्रैल 2011 से मार्च 2012 तक		अप्रैल 2012 से मार्च 2013 तक		अप्रैल 2013 से सितम्बर 2013 तक	
बैंक श्रेणी	निजी क्षेत्र बैंक	सरकारी क्षेत्र बैंक	निजी क्षेत्र बैंक	सरकारी क्षेत्र बैंक	निजी क्षेत्र बैंक	सरकारी क्षेत्र बैंक
उक्त अवधि के दौरान खोली गई कुल शाखाएं	1856	4850	2035	4690	995	2008
बैंक रहित केन्द्रों में शाखाएं	78	1323	470	1476	683	1174

स्रोत : आरबीआई

4.	**23**	**"दिये गये उत्तर से यह पता चलता है कि यद्यपि सरकार ने बाजार से पूंजी एकत्र करने हेतु सरकारी क्षेत्र के बैंकों के लिये अतिरिक्त संभावना सृजित की है, परन्तु इस उत्तर में समिति द्वारा की गई सिफारिश के अनुसार सरकारी क्षेत्र के बैंकों को उनके पुनर्पूंजीकरण हेतु आंतरिक निधियां सृजित करने के संबंध में कोई उत्तर नहीं दिया गया है। अतः समिति पिछले 3 वर्षों के दौरान सरकार द्वारा लगाई गई पूंजी की तुलना में प्रत्येक सरकारी क्षेत्र के बैंक द्वारा अर्जित पूंजी का ब्यौरा जानना चाहती है। समिति सरकार से सरकारी क्षेत्र के**	बैंकों के पक्ष में अधिमान्य इक्विटी आवंटन के जरिये वर्ष 2012-13 के दौरान सरकार द्वारा सरकारी क्षेत्र के 13 बैंकों में 12517 करोड़ रुपये तथा वित्तीय वर्ष 2013-14 के दौरान सरकारी क्षेत्र के 20 बैंकों में 14000 करोड़ रुपये की राशि निवेश की गई। अतिरिक्त पूंजी का यह निवेश सरकारी क्षेत्र के इन बैंकों द्वारा सृजित आंतरिक पूंजी तथा उनके द्वारा अर्जित निवल लाभ के अतिरिक्त है। वर्ष 2010-11, 2011-12 और 2012-13 के दौरान सरकारी क्षेत्र के बैंकों द्वारा अर्जित निवल लाभ	होल्डिंग कंपनी के गठन की प्रक्रिया में तेजी लाने संबंधी समिति के सुझाव को स्वीकार कर लिया गया है।	होल्डिंग कंपनी गठित करने का प्रस्ताव विधि कार्य विभाग तथा विधायी विभाग और राजस्व विभाग के साथ परामर्श के अग्रिम स्तर पर है।

क्रम. संख्या	सिफारिश सं.	सिफारिश	सरकार द्वारा की गई कार्रवाई	सरकार द्वारा स्वीकार की गयी या नहीं	अभ्युक्तियाँ
		बैंकों की दीर्घावधिक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए होल्डिंग कंपनी स्थापित करने की प्रक्रिया में तेजी लाने का अनुरोध करती है।"	का ब्यौरा अनुबंध में दिया गया है। निवल लाभ आंतरिक रूप से सृजित निधि है और लाभांश, लाभांश पर कर, विनियामकीय अवधारणाओं के अनुसार लाभांश तथा विनियोजन/ अंतरण के संबंध में कर का भुगतान करने के पश्चात यह पूंजी बन जाता है। बैंकों को उनके द्वारा निर्धारित समुचित समय अनुसार बाजार से पूंजी एकत्र करने के संबंध में अपेक्षित व्यवस्था करने की सलाह दी गई है। होल्डिंग कंपनी स्थापित करने के संबंध में वित्त मंत्री के अनुमोदन से एक प्रारूप मंत्री मंडल टिप्पणी तथा विधेयक विधायी कार्य विभाग तथा विधि विभाग के परामर्श के स्तर पर है। इस प्रक्रिया में तेजी लाने का प्रयास किया जा रहा है।		

अनुबंध

(राशि करोड़ रुपये में)

क्र. सं.	बैंक का नाम	निवल लाभ		भारत सरकार द्वारा लगाई गई पूंजी			
		2010-11	**2011-12**	**2012-13**	**2010-11**	**2011-12**	**2012-13**
1	इलाहाबाद बैंक	1423	1867	1185	670	0	0
2	आंध्रा बैंक	1267	1345	1289	1173	0	0
3	बैंक ऑफ बड़ौदा	4242	5007	4481	2461	0	850
4	बैंक ऑफ इंडिया	2489	2678	2749	1010	0	809
5	बैंक ऑफ महाराष्ट्र	330	431	760	940	470	406
6	केनरा बैंक	4026	3283	2872	0	0	0
7	सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया	1252	533	1015	2253	676	2406
8	कारपोरेशन बैंक	1413	1506	1435	309		204
9	देना बैंक	612	803	810	539	0	0
10	इंडियन बैंक	1714	1747	1581	0	0	0
11	इंडियन ओवरसीज़ बैंक	1073	1050	567	1054	1441	1000
12	ओरियंटल बैंक ऑफ कॉमर्स	1503	1142	1328	1740	0	0
13	पंजाब नैशनल बैंक	4434	4884	4748	184	655	1248
14	पंजाब एंड सिंध बैंक	526	451	339	0	0	140
15	सिंडिकेट बैंक	1048	1313	2004	633	0	0
16	यूको बैंक	907	1109	618	1613	48	681
17	युनियन बैंक ऑफ इंडिया	2082	1787	2158	793	0	1114
18	यूनाईटेड बैंक ऑफ इंडिया	524	633	392	558	0	100
19	विजया बैंक	524	581	586	1068	0	0
20	भारतीय स्टेट बैंक	8264	11707	14105	0	7900	3004
21	आईडीबीआई बैंक लि.	1650	2032	1882	3119	810	555
	कुल	**41,303**	**45,889**	**46,904**	**20,117**	**12,000**	**12,517**

क्रम. संख्या	सिफारिश सं.	सिफारिश	सरकार द्वारा की गई कार्रवाई	सरकार द्वारा स्वीकार की गयी या नहीं	अभ्युक्तियाँ
5.	**30 और 31**	**अनुपयोज्य आस्तियां (एनपीए)** **बिंदु 30** **समिति को मंत्रालय द्वारा प्रस्तुत की गई कार्रवाई संबंधी उत्तर से यह पता चलता है कि वाणिज्यिक बैंकों की अनर्जक आस्तियों की समीक्षा विभिन्न स्तरों जैसे भारतीय रिजर्व बैंक; सरकारी क्षेत्र के बैंकों के बोर्डों में सरकारी द्वारा नामित निदेशकों तथा वित्तीय स्थायित्व एवं विकास परिसर (एफएसडीसी) पर की जा रही है। तथापि यह नोट करना आयर्चजनक है कि वित्तीय सेवाएं विभाग, प्राासनिक विभाग, जो अनर्जक आस्तियों में परिवर्तन के संबंध में गहन निगरानी रखता है, के पास अनर्जक आस्ति प्रबंधन प्रकोष्ठ नहीं है। जून 2013 में प्रकाशित अद्यतन वित्तीय स्थायित्व रिपोर्ट में व्यक्त की गई चिंताओं को ध्यान में रखते हुए कि मौजूदा व्यापक आर्थिक परिस्थितियों; तथा 1 अप्रैल 2015 से पुनर्संरचित अग्रिमों के वर्गीकरण में प्रस्तावित परिवर्तन को ध्यान में रखते हुए अनर्जक आस्ति की मात्रा में वृद्धि होने की संभावना है, समिति आशा करती है कि मंत्रालय इस मामले में अधिक गंभीरता से कार्रवाई करेगा और बैंकों की आस्ति गुणवत्ता पर ध्यान देने के लिये वित्तीय सेवाएं विभाग में उच्चतम स्तर पर एनपीए निगरानी प्रकोष्ठ स्थापित करेगा ताकि बैंकिंग स्थायित्व तथा ऋण के निरंतर वृद्धि के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सके। एनपीए निगरानी प्रकोष्ठ शीर्ष एनपीए खातों; एनपीए सूचना प्रणाली में विलंब; सूक्ष्म लघु तथा मध्यम उद्यमों को अपर्याप्त धन उपलब्ध कराना जिससे उनपर वित्तीय दवाब बनता हो तथा**	**बिंदु 30** सरकार ने सरकारी क्षेत्र के बैंकों की अनर्जक आस्तियों की निगरानी करने, वसूली, बट्टे खाते डालने, अग्रिमों के अपग्रेडेान तथा पुनर्गठन सहित एनपीए में कमी करने पर विशेष जोर देते हुए नवम्बर 2012 में वित्त मंत्रालय के अंतर्गत वित्तीय सेवाएं विभाग में रिकवरी अनुभाग की स्थापना की जा चुकी है। विभिन्न पहलुओं के संबंध में भारतीय रिजर्व बैंक तथा सरकारी क्षेत्र के सभी बैंकों से रिपोर्टें मांगी जाती है तथा विभाग में उच्च्तम स्तर पर इसकी निगरानी की जाती है एनपीए तथा उनके बैंक की आस्ति गुणवत्ता पर गहन निगरानी रखने और समीक्षा हेतु विभाग को आवधिक रिपोर्ट भेजने के लिए बैंकों की बोर्ड बैठक के दौरान विभिन्न पहलुओं के संबंध में सरकार द्वारा नामित निदेशकों को सलाह दी जाती है। बैंकों को विस्तृत कार्य नीति और लक्ष्य प्राप्त करने के साधन के रूप में इसके प्रभावी कार्यान्वयन के लिये अनुदेश जारी किये गये हैं। इसके अलावा भारतीय रिजर्व बैंक ने 1 नवम्बर 2012 को रुग्ण सूक्ष्म तथा लघु उद्यमों के पुनरुज्जीवन हेतु दिशानिर्देश जारी किया है संशोधित दिशानिर्देश में रुग्णता की आरंभ में पहचान करने तथा इकाई की व्यवहार्यता के संबंध में निर्णय लेने तथा व्यवहार्य पाये गये एमएसई को समय पर एवं पर्याप्त सहायता देने पर जोर दिया गया है। बैंकों को विशेष रूप से जब	**कॉलम सं. 4 में दिए गए उत्तरों को ध्यान में रखते हुए स्वीकृत नहीं।**	

क्रम. संख्या	सिफारिश सं.	सिफारिश	सरकार द्वारा की गई कार्रवाई	सरकार द्वारा स्वीकार की गयी या नहीं	अभ्युक्तियाँ
		एनपीए सृजित होती हो की समीक्षा की जांच करेगा। समिति यह भी चाहती है कि सरकारी क्षेत्र के बैंकों की विशवसनीयता तथा उनकी आस्ति गुणवत्ता की सतत प्रगति प्राप्त करने के लिये मंत्रालय तथा भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा उठाये गये विभिन्न कदमों का ब्यौरा प्रस्तुत करें।	रुग्णता उपक्रमों के नियंत्रण से बाहर की परिस्थितियों के कारण हो, सहानुभूति पूर्ण रवैया अपनाने तथा एमएसई के पुनरुज्जीवन हेतु प्रयास करने की सलाह दी गई है। इसके अलावा वित्तीय सेवाएं विभाग में एक अलग अनुभाग भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक एमएसएमई क्षेत्र के वित्तपोषण तथा इसके तहत अनर्जक आस्ति के संबंध में कार्रवाई करता है।		
		बिंदु 31 **सभी इरादतन चूककर्ताओं के नाम प्रकाति करने के अन्य मामले के संबंध में मंत्रालय ने अपने प्रस्तुतीकरण में यह कहा है कि भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम, 1934 की धारा 45ड. तथा लोक वित्तीय संस्था (विवस्तता और गोपनीयता विषयक बाध्यता) अधिनियम, 1983 में बैंकों तथा वित्तीय संस्थाओं का यह दायित्व है कि वे अपने संघटकों के संबंध में गोपनीयता बनाये रखे। तथापि यह स्पष्ट नहीं किया गया कि सरकारी क्षेत्र के बैंकों के प्रभावी कार्य हेतु, इरादतन चूककर्ताओं तथा उनके एनपीए (न कि सभी उधारकर्ताओं की ऋण सूचना या चूककर्ताओं की अन्य ऋण सूचना) की सूचना संसदीय स्थायी समिति को देना किस प्रकार प्रतिबंधित है विशेष रूप से तब जबकि ऐसे आंकड़े प्रकट करना लोक वित्तीय संस्था (विवस्तता और गोपनीयता विषयक बाध्यता) अधिनियम, 1983 की धारा 3(2) के अंतर्गत अनुमत है। जिसमें यह उल्लेख**	**बिंदु 31** यह सूचित किया गया है कि भारतीय रिजर्व बैंक गैर वाद दायर संदिग्ध तथा एक करोड़ रुपये या इससे अधिक हानि वाले उधार खाते के संबंध में अर्द्धवार्षिक आधार पर (अर्थात 31 मार्च और 30 सितम्बर की स्थिति के अनुसार) तथा 25 लाख रुपये के इरादतन चूककर्ता के गैर वाद दायर खातों के संबंध में तिमाही आधार पर सूचना एकत्र करता है तथा बैंकों और वित्तीय संस्थाओं को गोपनीय उपयोग हेतु प्रदर्शित करता है। भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम, 1934 की धारा 45ड. भारतीय रिजर्व बैंक को इसमें निर्धारित पद्धति के अलावा ऋण सूचना को प्रकट करने के लिये निषेध करती है। 30 शीर्ष वाद दायर खातों की सूची अनुबंध में दिये गये अनुसार है। ये आंकड़े समिति के सूचनार्थ सरकारी क्षेत्र के बैंकों से एकत्र किये गये हैं। बैंक/ वित्तीय संस्था एक करोड रुपये या इससे अधिक		

क्रम. संख्या	सिफारिश सं.	सिफारिश	सरकार द्वारा की गई कार्रवाई	सरकार द्वारा स्वीकार की गयी या नहीं	अभ्युक्तियाँ
		किया गया है कि सार्वजनिक वित्तीय संस्थान अपने कार्यों के बेहत्तर निष्पादन के प्रयोजन से केन्द्र सरकार से सूचना एकत्र कर सकती है या उन्हें ऋण सूचना प्रस्तुत कर सकती है। यह भी स्पष्ट नहीं किया है कि ऐसी सूचना प्रकट करने से बैंकों के ऋण या ऋण नीति का विनियामकीयकरण किस प्रकार प्रभावित होता है। समिति यह मानती है कि इससे वसूली की प्रक्रिया में सहायता मिलेगी। समिति चाहती है कि इस रिपोर्ट को प्रस्तुत किये जाने के एक माह के भीतर अपेक्षित सूचना से समिति को अवगत कराया जाये।	के वाद दायर उधार खातों और 25 लाख रुपये या इससे अधिक के इरादतन चूककर्ताओं की सूची 4 ऋण सूचना कंपनियों को प्रस्तुत करता है और यह सूचना सीआईबीआईएल की वेबसाइट (www.cibil.com), एक्सपेरियन क्रेडिट इनफोरमेान कंपनी ऑफ इंडिया प्रा. लि. की वेबसाइट (www.experian.co.in), इक्विफैक्स क्रेडिट इनफॉरमेान सर्विसेस प्रा. लि. की वेबसाइट (www.equifax.co.in) तथा हाई मार्क क्रेडिट इनफॉरमेान सर्विसेस प्रा. लि. की वेबसाइट (www.highmark.in) पर उपलब्ध है।		

अनुबंध

30 सितम्बर 2013 की स्थिति के अनुसार वाद दायर किये गये 30 शीर्ष खातों का ब्यौरा (राशि करोड़ रुपये में)

क्र.सं.	कंपनी का नाम	30.09.2013 की स्थिति के अनुसार बकाया
1	किंगफिार एयरलाइन्स लि.	3782.16
2	जूम डवलपर्स (पी) लि.	2267.61
3	सूर्या फार्मास्यूटिकल लि.	900.99
4	पिक्सॉन मीडिया प्रा. लि.	570.34
5	एसटीसीएल लि.	535.58
6	सेंचुरी कम्यूनिकेान लि.	525.48
7	एनएएफईडी	518.56
8	एक्सएल एनर्जी लि.	510.23
9	बायोटोर इंडस्ट्रीज लि.	479.97
10	डेक्कन क्रॉनिकल होल्डिंग्स लि.	476.55
11	केमरॉक इंडस्ट्रीज एंड एक्सपो	445.05
12	वरूण इंडस्ट्रीज लि.	427.91
13	माहेवरी इस्पात लि.	373.65
14	जे बी डायमंड्स लि.	366.58
15	डेलीडाटा इन्फॉर्मेटिक्स लि.	356.93
16	इलेक्ट्रॉथर्म (इंडिया) लि.	352.88
17	पैरामाउंट एयरवेज	341.42
18	एम बी एस ज्वैर्लस लि.	331.76
19	रजत फार्मा केमिकल्स लि.	327.50
20	विशाल एक्सपोर्ट्स ओवरसीज लि.	300.83
21	श्री ललीता सीमेन्ट इंडस्ट्रीज लि.	290.26
22	सूर्या विनायक इंडस्ट्रीज लि.	284.42
23	महुआ मीडिया पी. लि.	281.23
24	प्राइम इम्पेक्स लि.	278.54
25	आर आर इन्फो पार्क प्रा. लि.	269.31
26	यूरो सेरामिक्स लि.	266.05
27	अंकुर ड्रग्स एंड फार्मा लि.	265.68
28	केरला स्टेट कैयू डेव. कॉर्प. लि.	264.19
29	रामस्वरूप इंडस्ट्रीज लि.	247.03
30	इंड सिनर्जी लि.	238.55
	शीर्ष 30 वाद दायर खातों का कुल योग	16877.26

स्त्रोत : पीएसबी

क्रम. संख्या	सिफारिश सं.	सिफारिश	सरकार द्वारा की गई कार्रवाई	सरकार द्वारा स्वीकार की गयी या नहीं	अभ्युक्तियाँ
6.	**34**	**विनिवेश संबंधी प्रतिफल का मूल्यांकन करने के बारे में समिति अनुदान मांगों (2013-14) की जांच के दौरान समिति के समक्ष मंत्रालय द्वारा की गई कार्रवाई से संबंधित उत्तर से इस आधार पर मुकरने से खुश नहीं है कि ऐसा अध्ययन संगत तथा उपयोगी नहीं है। यद्यपि विनिवेश के विभिन्न चरणों में प्रयुक्त पद्धति और उनके परिणाम भले ही तुलनीय न हों, फिर भी समिति का यह मत है कि इस प्रकार का अध्ययन विभिन्न पद्धतियों से अर्जित प्रतिफल का मूल्यांकन करने और विनिवेश प्रक्रिया के लिए उपयुक्त और उपयोगी है; चाहे पद्धतियों और बाजार की गतिशीलता के बीच सहयोग का परिकलन किया गया हो या नहीं। इस प्रकार के अध्ययन से भविष्य में विनिवेश पद्धतियों के सचेत चयन के लिए बेंचमार्क स्थापित करने में भी सुविधा होगी। चूंकि उपार्जन पर संभावित प्रभाव चुनी गई विनिवेश की पद्धति पर भी निर्भर करता है इसलिए उपार्जन का विशलेषण किए बिना आगे बढ़ने से विनिवेश की मंशा को ही आशांकित कर सकता है। अतः समिति अपनी इस सिफारिश को एक बार फिर दोहराती है कि मंत्रालय को केन्द्रीय सरकारी क्षेत्र के उद्यमों में केन्द्र सरकार की इक्विटी के विनिवेश से संबंधित प्रतिफल के बारे में एक अध्ययन करना चाहिए।**	विनिवेश की विभिन्न पद्धतियों की एक-दूसरे से तुलना नहीं की जा सकती है क्योंकि प्रत्येक मामले में विनिवेश का उद्देश्य भिन्न था। प्रारंभ में शेयरों की बिक्री बंडलों में केवल सरकारी क्षेत्र के बैंकों और म्यूचुअल फंडों को की गई थी। दूसरे चरण में, केन्द्रीय सरकारी क्षेत्र के उद्यमों की सामरिक बिक्री की गई थी, जिसमें सरकार ने अपनी अधिकाशं शेयरधारिता का विनिवेश किया था और जिसमें कंपनी का प्रबंधन-नियंत्रण छोड़ दिया गया था। इसलिए इससे इन कंपनियों का सरकारी क्षेत्र का स्वरूप बदल गया था। इस समय नीति, स्टॉक एक्सचेंज तंत्र के माध्यम से केवल 49% तक इक्विटी का विनिवेश करने की है। सूचीबद्ध कंपनियों के मामले में अब 5% से 10% तक की खेपों में सरकारी इक्विटी का विनिवेश करना आवश्यक है। चूंकि विनिवेश पद्धतियों के उद्देश्य व्यापक रूप से भिन्न थे, इसलिए विनिवेश की विभिन्न पद्धतियों से प्राप्त प्रतिफल की तुलना किया जाना उपयुक्त नहीं होगा। विनिवेश से प्राप्त राजस्व कंपनी की मूलभूत विशेषताओं और अर्थव्यवस्था पर भी निर्भर करता है, जिनमें समय-समय पर परिवर्तन होता रहता है। इससे ऐसी कोई भी तुलना अवैध हो जाएगी।	अस्वीकृत	

क्रम. संख्या	सिफारिश सं.	सिफारिश	सरकार द्वारा की गई कार्रवाई	सरकार द्वारा स्वीकार की गयी या नहीं	अभ्युक्तियाँ
